हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023


तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री


4
सारंगढ़ के 79 हजार 780 किसानों को 134 करोड़ के बोनस का भुगतान







हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16


## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव का नगर में रोड शो आज

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 27 दिसम्बर को रायगढ़ आयेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत



मुख्यमंत्री श्री साय 27 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ आयेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय अपरान्ह 3.15 बजे से कबीर चौक रायगढ़ से रोड शो कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं पार्टी कार्यालय जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय शाम 4.55 बजे सर्किट हाऊस आयेंगे एवं वहां से प्रस्थान कर 5.45 बजे श्री अग्रोहा धाम रायगढ़ में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री रात्रि 8 बजे होटल ट्रिनिटी ग्रैंड में पत्रकारों तथा वरिष्ठजनों से मुलाकात करेंगे। श्री साय रात्रि विश्राम रायगढ़ में करेंगे। अगले दिन विशेष भेंट मुलाकात के बाद सीएम राजधानी के लिए रवाना हो जाएंगे।

### केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पहुंचे जिले के दौरे पर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभः सीएस कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देता हुआ डिजीटल रथ गांव-गांव में पहुंच रहा है। शासन के विभिन्न विभाग शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं की न केवल जानकारी दे रहे है। बल्कि पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित कर मौके पर ही उन्हें योजना का लाभ देने प्रक्रिया पूरी कर रहे है।

इसी कड़ी में अतिरिक्त सचिव भारत सरकार पंचायत राज मंत्रालय व विकसित भारत संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी सीएस कुमार रायगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी साथ रहे। यहां उन्होंने पुसौर तथा रायगढ़ विकासखण्ड में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। अतः अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए तभी विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सफल होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजना का लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। अतिरिक्त सचिव



सीएस कुमार ने पहले पुसौर विकासखण्ड के ग्राम टपरदा में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्वास्थ्य, कृषि, जल जीवन मिशन, महिला बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग, लोक सेवा केन्द्र सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड व योजना से जुड़े प्रमाण पत्र व सामग्री व सहायता राशि का चेक वितरित किए। अतिरिक्त सचिव श्री सीएस कुमार इसके पश्चात रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कोलाईबहाल के शिविर में पहुंचे। यहां भी उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की तथा गांव में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उपस्थित जनों को उन्होंने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई की भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करेंगे।

इस दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर दिनेश अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुशील भोय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता, रूपेन्द्र ठाकुर, सरपंच ग्राम टपरदा कमला सिदार, सरपंच कोलाईबहाल सायरा बानो, उप सरपंच अशोक अग्रवाल, विजय मिश्रा, राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसानों को कृषि के उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम.टपरदा में किसान प्रदीप कुमार चौधरी के खेत में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। अतिरिक्त सचिव सीएस कुमार ने इसका जायजा लेते हुए उप संचालक कृषि से पूरी जानकारी ली। बताया गया कि ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव से फसल में नाईट्रोजन की आवश्यकता को पूरा करता है तथा उत्पादन में वृद्धि करता है। कम लागत का होने के कारण किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। अतिरिक्त सचिव श्री कुमार ने किसानों को नैनो यूरिया के लाभ अवगत कराते हुए इसका प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिए।

### 4 हजार आवास मित्र बेरोजगार

## आवास मित्र के पदों पर पुनर्नियुक्ति करने की मांग

**रायगढ़।** कांग्रेस की सरकार आने के बाद आवास मित्र की नियुक्तियों को निरस्त कर दिया गया था। ऐसे में पूरे प्रदेश भरे के करीब 4 हजार आवास मित्र बेरोजगार हो गए। अब सरकार बदलने के बाद पुनः इस पद की बहाली की मांग करते हुए कलेक्टर को छत्तीसगढ़ आवास मित्र अनियमित कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2016 मां शुरू की गई थी। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए ग्रामीण स्तर पर



आवास मित्रों की नियुक्ति की गई थी। किंतु प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में आवास मित्र के पदों को निरस्त कर दिया था, जिसकी वजह से आवास मित्र बेरोजगार हो गए। ऐसे में उन्हें आर्थिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे पहले भी आवास मित्रों ने कई बार शासन को इस संबंध में पत्राचार कर पद की बहाली की मांग की थी, किंतु इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। मगर अब सरकार बदलने के बाद इन्हें फिर से एक उम्मीद जगी है कि इस पद को बहाल किया जाएगा। क्योंकि इस पद का सृजन भाजपा की सरकार द्वारा ही किया गया था। यही वजह है कि उन्होंने शासन को इस ओर उचित कदम उठाने की मांग की है।

# जंगल गए अधेड़ पर हाथी ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम जतरा निवासी 50 वर्षीय अधेड़ पर एक दंतैल हाथी ने उस वक्त हमला कर दिया, जब वह सुबह जंगल की ओर लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था। बीट गार्ड की सूचना पर वन अमला और पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पाकरगांव बीट 335 पीएफ सरना बार्डर के पास बृजराज सिदार उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी जतरा रोज की तरह लकड़ी काटने के लिए गया हुआ था। जब वह जंगल में लकड़ी काट रहा था, इसी बीच वहां एक दंतैल हाथी आ पहुंचा। हाथी की मौजूदगी होने का एहसास होते ही वह अपनी जान बचाकर वहां से भागने का प्रयास करने लगा। किंतु हाथी की उस पर नजर पर गई और गजराज ने उसे अपनी सूंढ से उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ ग्रामीणों से इस बात की सूचना बीट गार्ड को मिली। जिसके बाद बीट गार्ड ने विभाग के अधिकारियों को इस घटना के बारे में बताया। ऐसे में वन अमला और पुलिस दल मौके पर पहुंचा। फिलहाल मृतक के परिजनों को सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपए प्रदान किया गया।


लकड़ी काटने गया था वृद्ध

### ग्रामीण का हुआ अतिकाय से सामना

क्रोन्धा मार्ग में एक व्यक्ति का सामना हाथी से हो गया। हाथी को देखकर अपनी जान बचाने के लिए वह भागने लगा। हालांकि गनीमत यही रही कि उक्त ग्रामीण किसी तरह हाथी से बच गया। बताया जा रहा है कि इस बात की सूचना मिलते ही धरमजयगढ रेंज अधिकारी व कर्मचारीयों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर सूचना के मुताबिक तस्दीक करते हुए मौका मुआयना किया गया। वहीं कुछ समय बाद एक नर दंतैल हाथी मुख्य मार्ग को पार करते हुए देखा गया। बताया जा रहा है कि धरमजयगढ रेंज के पोटिया क्षेत्र में एक नर हाथी विचरण कर रहा है।

### 10 हाथियों का दल कर रहा विचरण

जानकारी के अनुसार करीब 10 हाथियों का दल इस क्षेत्र में विचरण कर रहा है। जिसमें 4 नर, 4 मादा और 2 शावक हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है, वहीं हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है।









# यह देश गांधी जी ही नहीं सुभाष चंद्र बोस का भी है

**मुंबई।** वरुण तेज और मानुषी छिल्लर स्टारर ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार स्टारर सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वालीं मानुषी छिल्लर अब तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। उनकी फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन का टीजर रिलीज कर दिया गया है। ऑपरेशन वैलेंटाइन को तेलुगू और हिंदी भाषा में शूट किया गया है। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह हाडा ने निर्देशित किया है। फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी। फिल्म के जरिए एयर फोर्स के जवानों द्वारा झेली जाने वाली चुनौतियों को करीब से दिखाया जाएगा।

## लाइफ Style

# फरहीन

## इस हीरोइन को लोग कहते थे माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड में 90 का दशक बेहद सुनहरा था। इसी दौरान बॉलीवुड को शाहरुख खान, सलमान खान और माधुरी दीक्षित जैसे सुपरस्टार्स मिले। वहीं कई ऐसे सितारे भी उभरे जो रातोंरात ही दर्शकों के दिलों पर छा गए, लेकिन फिर देखते ही देखते वह कहीं खो भी गए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

**मुंबई।** ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं फरहीन, जो अपनी पहली फिल्म 'जान तेरे नाम' से ही हिट हो गईं, क्योंकि वह माधुरी दीक्षित की तरह नजर आती थीं। उनकी तुलना माधुरी से होने लगी और उनकी पॉपुलैरिटी बढ़ने लगी। लेकिन अपने करियर के पीक मोमेंट में फरहीन ने एक दिन एक क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से शादी रचा ली और हमेशा के लिए इस फिल्मी दुनिया को छोड़ गई और अब हैं करोड़ों के बिजनेस की मालकिन। फहरीन को क्रिकेटर मनोज प्रभाकर से प्यार हो गया, जो पहले से शादीशुदा थे, हालांकि उनकी शादी में परेशानी चल रही थी। फरहीन और मनोज एक जिम में मिले और उनके बीच दोस्ती हुई और फिर प्यार हुआ। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे, साल 2009 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक दोनों ने शादी कर ली।इस फिल्म के बाद फरहीन को अक्षय कुमार के साथ फिल्में करने का मौका मिला। फरहीन अक्षय कुमार के साथ फिल्म नजर के सामने में दिखीं। वहीं फिल्म सैनिक में भी फरहीन और अक्षय कुमार ने स्क्रीन शेयर किया।

साल 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'जान तेरे नाम' से फरहीन ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने तो आज तक याद किए जाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# एक्सपैट्स का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** प्राइम वीडियो ने 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसका निर्देशन लुलु वांग ने किया है। यह छह भाग की श्रृंखला है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी को दो एपिसोड के साथ होगा। ट्रेलर रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है। एक्सपैट्स श्रृंखला में अभिनेता निकोल किडमैन, सरयू ब्लू, जी-यंग यू, ब्रायन टी. मेडवे और जैक हस्टन शामिल हैं। किडमैन और लुलु वांग श्रृंखला में कार्यकारी निर्माता है।



# अली वोंग ने दी तलाक के लिए अर्जी

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस-कॉमेडियन अली वोंग ने अपने पति जस्टिन हकुता से तलाक के लिए अर्जी दायर की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की पुष्टि होने के लगभग दो साल बाद बेवर्ली हिल्स में आवेदन दायर किया और कड़े मतभेदों का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, वोंग ने अपनी शादी के पहले के एग्रीमेंट को लागू करने के लिए कहा है। दंपति वर्तमान में अपनी संपत्ति और बच्चे को लेकर निर्णय लेने के लिए मध्यस्थता कर रहे हैं। 2014 में शादी के बंधन में बंधे इस कपल की दो बेटियां है। कॉमेडियन ने अपनी बेटियों की ज्वांइट लीगल और फिजिकल कस्टडी का अनुरोध किया। वोंग ने बताया कि वह और पूर्व गुडआरएक्स वीपी अभी भी वास्तव में बहुत करीब हैं और सबसे अच्छे दोस्त भी हैं। उन्होंने आगे बताया था कि हम एक साथ बहुत कुछ कर चुके हैं। यह बहुत ही अपरंपरागत तलाक है। वोंग कई टीवी शो में काम कर रही हैं, जबकि हकुता एक सफल उद्यमी हैं।



# मर्दानी 3 में नजर आएंगी रानी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी में काम करती नजर आ सकती हैं। रानी मुखर्जी ने मर्दानी में एक सशक्त पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाकर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया था। मर्दानी की सफलता के बाद वर्ष 2019 में मर्दानी 2 बनायी गई। चर्चा है कि अब मर्दानी 3 बनायी जा रही है। रानी मुखर्जी ने कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में मैं हमेशा मानती हूं कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते, क्योंकि वह अच्छी लगती है। हमें तब फिल्म करनी चाहिए जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हों जो बदलाव ला रही हो। यदि कहानी में वह दम नहीं है तो हम मर्दानी 3 नहीं बना सकते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे लोग आज जुड़ें, लड़कियों को यह सशक्त लगे।



# झूम झूम झूम बाबा पर थिरकेंगी दीपिका

**मुंबई।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने नए कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप में दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। विज्ञापन फिल्म में दीपिका मशहूर गाने 'झूम झूम झूम बाबा' पर नए अंदाज में थिरकती नजर आएंगी। इस दौरान वह ताजगी पाने के लिये 'पानी' पीती दिखाई देंगी। बिसलेरी ड्रिंकअप कैंपेन को निर्वाणा फिल्म्स ने शूट किया है और इसका निर्देशन प्रकाश वर्मा ने किया है। दीपिका पादुकोण को ब्रांड एंबेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए बिसलरी इंटरनेशनल प्रा. लि. की वाइस चेयरपर्सन जयंती चौहान ने कहा कि हमारा नया कैंपेन बिसलेरी ड्रिंकअप पहली बार दीपिका पादुकोण के मशहूर अंदाज में मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका पादुकोण को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एंबेसेडर बनाकर उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा की पाखी ने तीन साल बाद शो छोड़ते वक्त लिखी दिल की बात

नई दिल्ली। टीवी की दुनिया में बड़ी तेजी से नाम कमाने वाले शो अनुपमा से जुड़ी एक खबर है। आखिरकार अनुपमा की एक्ट्रेस मुस्कान बामने ने शो छोड़ दिया। टीवी शो में पाखी का रोल प्ले करने वाली मुस्कान ने तीन साल बाद शो को अलविदा कहा है, इस दौरान वे इमोशनल हो गई हैं। उन्होंने अपने सोशल पेज पर एक लंबा पोस्ट लिखा है।

### हिंदी में लिखा पोस्ट, की सबकी तारीफ

मुस्कान अनुपमा में पहले दिन से ही थीं. बतौर पाखी उन्होंने शो में अच्छी पहचान भी बना ली थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। फोटो में अनुपमा की पूरी स्टारकास्ट दिख रही है। शो में उनकी मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली और पिता वनराज भी दिख रहे है।

### आपके आशीर्वाद से मैं मुकाम पर हूं : मुस्कान

मुस्कान ने अपना पोस्ट हिंदी में लिखा है. उन्होंने कहा- जैसे कि एक बीज जमीन की तह से जुड़कर जल वायु और प्रकाश के संरक्षण में रहकर अंकुरित होता है। धीरे धीरे एक दिन बहुउपयोगी विशाल वृक्ष बन जाता है, ठीक कुछ ऐसे ही मेरी भी स्थिति है। आज मैं जो भी हूं, आप सभी के सहयोग आशीर्वाद और प्यार के बदौलत ही इस अच्छे मुकाम पर हूं।

### अनुपमा ने किया है रिप्लाई


शो में मां का किरदार निभाने वाली रुपाली गांगुली ने इस पोस्ट पर रिप्लाई किया है। उन्होंने इस्टाग्राम पर ही रिप्लाई में लिखा है- मेरा शानदार परफॉर्म करने वाला बच्चा। तुम्हारे लिए पूरा आकाश खुला है, और उड़ान भरो। तुमने जाने-अनजाने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मेरी अनुपमा के लिए सबसे तेढ़ी स्वीटी बनने के लिए थैंक्यू. गॉड ब्लेस यू ऑलवेज मुस्की। वनराज यानी सुधांशु पांडे ने लिखा है- तुम हमेशा एक ब्लेस्ड चाइल्ड रही।

### क्यों छोड़ा शो?

मुस्कान का कहना है इसी उम्र में वो मां का रोल प्ले नहीं करना चाह रही हैं, इसलिए तीन साल के बाद उन्हें अनुपमा शो छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ये मेरे लिए अब काम नहीं कर रहा था। मेकर्स नया ट्रैक ला रहे थे जहां मुझे मां को रोल प्ले करना पड़ता। वो दिखाना चाहते हैं कि मैं आईवीएफ के जरिए मां बनूंगी। इतनी एज में मैं मां को रोल नहीं प्ले करना चाहती। 24 साल की मुस्कान के मन में शो छोड़ने का कोई गम नहीं है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मां को रोल करुंगी तो मेरे पास आगे चल कर ऐसे ही रोल आने के चांसेज रहेंगे। इसलिए मैं कुछ और भी ट्राई करना चाहती हूं।

# 'सालार' और 'डंकी' के साथ रिलीज हुई एक्वामैन 2 का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल

मुंबई। डीसी यूनिवर्स के सुपरहीरो एक्वामैन की दूसरी फिल्म एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम 22 दिसंबर को रिलीज हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने अब तक कुल करीब 9.34 करोड़ के आसपास की कमाई की है। यहां जानते हैं फिल्म ने किस दिन कितनी कमाई की और क्या ये फिल्म 2018 में आए पहले पार्ट की कमाई को छू भी पा रही है या नहीं? एक्वामैन 2 की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो अंग्रेजी वेबसाइट डेडलाइन के मुताबिक, फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 120 मिलियन डॉलर की बेहतरीन कमाई कर ली है।



### किस दिन कितनी कमाई की है फिल्म ने?

बॉक्स ऑफिस में उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एक्वामैन 2 ने पहले दिन 3 करोड़, दूसरे दिन 1.51 करोड़ और तीसरे दिन 2.26 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की चौथे दिन की कमाई 2.57 करोड़ के आसपास रही। इस तरह से फिल्म ने इंडिया में अब तक कुल 9.34 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस किया है। एक्वामैन का पहला पार्ट साल 2018 में आया था। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, इस फिल्म ने पहले दिन 5.50 करोड़ कमाए थे। वहीं इसका ओपनिंग वीकेंड 24.25 करोड़ था।

### दो बड़े स्टार्स की फिल्म ने रोकी रफ्तार

एक्वामैन के साथ भारतीय सिनेमा के दो बड़े स्टार्स की फिल्में रिलीज हुई हैं। शाहरुख खान की डंकी और प्रभास की सालार दोनों ही फिल्मों का इंतजार दर्शकों का लंबे समय से था। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही हैं। ऐसे में ठीकठाक रिव्यू होने के बावजूद एक्वामैन इन दोनों फिल्मों के बीच में पिसती हुई नजर आ रही है।

# उमंग 2023: इवेंट में लगा सितारों का मेला...



**मुंबई।** शनिवार रात को मुंबई पुलिस एनुअल इवेंट उमंग 2023 में कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। बता दें कि इस इवेंट को पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए रखा जाता है। इसमें बॉलीवुड सेलेब्स, बिजनेसमैन, सोशल वर्कर और पॉलिटिकल लीडर शामिल होते हैं। इसमें शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, तब्बू, दीपिका पादुकोण, पंजाब की कटरीना कैफ शहनाज गिल, आलिया भट्ट, टीवी इंडस्ट्री की 'नागिन' यानी तेजस्वी प्रकाश ने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा।

## एक फिल्म के लिए तो टॉकिज के बाहर चल गई थीं गोलियां

# सिर्फ 30 रुपए लेकर पहुंचा मुंबई, वहीदा संग हिट रही जोड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिल्मी दुनिया को सदाबहार एक्टर जो जब-जब पर्दे पर नजर आता फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं होता था। 1946 में फिल्म 'हम' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले वो एक्टर देवानंद थे जिन्होंने छह दशकों तक इंडस्ट्री पर राज किया। वह एक सिनेमाई आइकॉन बने और हिंदी सिनेमा को कुछ ऐसी फिल्में दीं, जो यादगार बन गई। 60-70 के दशक का वो सुपरस्टार जिसकी एक झलक पाने के लिए फैंस लंबी लाइन लगाकर इंतजार किया करते थे। अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो सिनेमाघरों से उतरने का नाम ही नहीं लेती थी लेकिन उनकी एक फिल्म ऐसी भी जिसमें टॉकिज के बाहर गोलियां चल गई थीं।



### सिने जगत के हर कॅरियर में यादगार रहे देवानंद

देवानंद ने अपने करियर में एक्टिंग के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने लगभग 35 फिल्मों का निर्माण किया था, जिनमें से 18 बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। 13 फिल्मों की तो कहानी भी देवानंद ने खुद ही लिखी थी। अपने करियर में उन्होंने बाजी, टैक्सी ड्राइवर, टैक्सी ड्राइवर, काला पानी, हम दोनों, गाइड और ज्वेल थीफ जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया जो यादगार बन गई।

### लाहौर से 30 रुपए लेकर दिल्ली पहुंचे

*साल 1943 में अपनी जेब में 30 रुपए लिए लाहौर से बंबई तक का सफर करने वाले इस अभिनेता ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन इंडस्ट्री पर यूं राज करेंगे। उनकी फिल्मों में काम करने का एक्ट्रेसेस का सपना हुआ करता था। वहीदा रहमान संग जिनकी हिट थी जोड़ी वो एक्टर कोई और नहीं देवानंद ही थे।*

### देवानंद के काले कपड़े पहनने पर लगा बैन

*देवानंद का गर्दन झुकाने का गजब अंदाज, काली पैंट शर्ट और गले मफलर लेने वाला स्टाइल भी काफी फेमस हुआ था। उन दिनों सफेद शर्ट पर काला कोट पहनने का स्टाइल ट्रेंड करने लगा था, हालांकि बाद में उनके काले कपड़ने पहनने पर ही बैन लगा दिया गया था। उनकी फीमेल फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी। कितनी ही लड़कियों ने उनके लिए अपनी जान गवां दिया करती थीं।*

### जॉनी मेरा नाम में चली गोलियां, दो की हुई थी मौत



सुपरस्टार देवानंद की फिल्म देखने के लिए धूप में घंटों खड़े होकर टिकट लेने का इंतजार किया करते थे। इनकी फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' की तो लोगों को टिकट मिलना ही मुश्किल हो गया था। अनु कपूर कपूर ने अपने शो में बताया था कि उस वक्त जमशेदपुर के एक सिनेमाघर के बाहर फिल्म के टिकट के लिए गोलियां तक चल गई थीं, जिसमें दो छात्रों की मौत हो गई थी। एक सप्ताह के लिए नटराज टॉकिज को बंद कर दिया गया था।

### पहली कलर फिल्म गाइड रही सक्सेसफुल

1965 में आई फिल्म 'गाइड' में देव आनंद के काम को काफी सराहा गया था। फिल्म में वहीदा रहमान और उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। ये देव साहब की पहली कलर फिल्म थी। ये फिल्म वहीदा रहमान के करियर की बेस्ट फिल्म साबित हुई थी। आर के नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित फिल्म 'द गाइड'उस साल की बड़ी हिट साबित हुई थी।



## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर काव्य पाठ

सारंगढ़। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित सुशासन दिवस पर राज्य शासन और कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी के निर्देशानुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश पांडेय के नेतृत्व में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई कॉम्प्लेक्स परिसर सारंगढ़ में शाम 4 बजे काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में अटल विचार गोष्ठी, काव्य विधा और निबंध लेखन का आयोजन किया गया। इसमें सारंगढ़ के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मोना मॉडर्न स्कूल और अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन और कविता पाठ शिक्षाविद प्रियंका गोस्वामी द्वारा किया गया। अतिथियों में अजय गोपाल, मयूरेश केशरवानी, महेन्द्र केजरीवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, एबीईओ मुर्केश कुर्रे, सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार, प्राचार्य, शिक्षक नगरपालिका के उप अभियंता उत्तम कंवर, रोशन यादव, राजू यादव, गोविंद साहू एवं बड़ी संख्या में साहित्यिक श्रोतागण उपस्थित थे।

### देश के युग दृष्टा थे अटल : मगनपाल

पुसौर। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, मां सरस्वती के वरद पुत्र और ओजस्वी वक्ता के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को जाना जाता है वहीं इनके कार्यकाल के पोखरण परमाणु परिक्षण और 2015 में मिले भारतरत्न की उपाधि इनके समूचे जीवन काल को देख देश गौरान्वित है। उक्ताशय के उद्बोधन के साथ बीते दिनांक झलमला के पूर्व सरपंच मगनपाल बल ने अपने ग्रामवासियों के बीच मुखातिब होते हुए अटल की जन्म जयन्ती मनाई। इस बीच ग्राम पंचायत के पदाधिकारी सहित आम जन भी उपस्थित रहे इन्होंने भी बारी बारी से बाजपेयी के संबंध में अपने अपने मंतव्य प्रस्तुत किए। ज्ञात हो कि झलमला के बीच बस्ती में अटल चौक कई वर्ष पूर्व से निर्मित है जहां उनकी एक प्रतिमा भी स्थापित किया गया है जिसे रंग रोगन किया जाकर एक भगवा पताका भी फहराया गया है जिससे यह स्थल भव्य और आकर्शक बना हुआ है।

### बरमकेला व बिलाईगढ़ में मना सुशासन दिवस

सारंगढ़। जनपद पंचायत कार्यालय बरमकेला और बिलाईगढ़ में सुशासन दिवस मनाया गया। बिलाईगढ़ में सीईओ योगेश्वरी बर्मन ने कार्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की और सामूहिक रूप से सुशासन शपथ ली। इसी प्रकार बरमकेला सीईओ प्रज्ञा यादव ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में अतिथियों और कार्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की और सामूहिक रूप से सुशासन शपथ ली।

### पुसौर में मनाया गया सुशासन दिवस

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर कार्यालय में 5 वर्ष पूर्व प्रतिवर्ष लगातार 15 वर्ष तक देश के सर्वमान्य नेता अजातशत्रु प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटलबिहारी बाजपेयी जयन्ती बडे ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता था वहीं उनके सम्मान में जनहित में कई तरह के संकल्प भी लिए जाते थे और प्रदेश की कमान भाजपा के हाथो आने के बाद पुनः इसे मनाना प्रारंभ कर दिया गया है। बीते 25 दिसम्बर को इनकी जन्म जयंती गांधी चौक में मनाया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे जहां इनके प्रधानमंत्री सडक योजना के संबंध में चर्चा के साथ इनके अन्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाले गए।

### सुशासन दिवस पर नगर के सड़कों की हुई सफाई

रायगढ़। 25 दिसंबर सुशासन दिवस के मौके पर निगम प्रशासन द्वारा साफ सफाई अभियान भी चलाए गए। इस दौरान हाथ में झाड़ु लेकर मेयर श्रीमती जानकी काटजू कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सड़कों की सफाई की और कचरे उठाए। सोमवार को पतरापाली वार्ड क्रमांक 44 अटल चौक पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान मेयर श्रीमती जानकी काटजू कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी, जनप्रतिनिधिगण एवं निगम के अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और सुशासन रखने का संकल्प लिया। इस दौरान स्वच्छता विशेष सफाई अभियान की शुरुआत भी की गई। अभियान के दौरान मेयर श्रीमती काटजू, कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने पतरापाली की गलियों में झाड़ू लगाए और जमे हुए कचरे को उठाकर स्वच्छता वाहनों को दिए। इस दौरान गली मोहल्ले को भी अपने घरों के समान साफ रखनेए कचरा कहीं पर भी ना डालकर, स्वच्छता दीदियों को कचरा देने दो डस्टबिन रखने और सूखा एवं गीला कचरा को अलग अलग कर स्वच्छता दीदियों को ही देने के नारे लगाए गए। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण एवं निगम के अधिकारियों कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार

# जर्जर मार्ग पर अब तक आधा दर्जन की मौत, सुधार करने वार्डवासियों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गोर्वधनपुर मार्ग बीते करीब एक दशक से जर्जर अवस्था में है। इस सड़क की दयनीय स्थिति और सुबह से लेकर शाम तक भारी वाहनों की आवाजाही की वजह से हर दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं अब तक करीब 6 लोगों की मौत भी इसी वजह से हो चुकी है। यही वजह है कि इस मार्ग के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर मंगलवार को जनदर्शन में वार्डवासियों ने कलेक्टर से मुलाकात की।

ज्ञात हो कि गोर्वधनपुर मार्ग काफी लंबे समय से बदहाल है। कई बार इस मार्ग की दशा सुधारने को लेकर शासन प्रशासन से पत्राचार किया गया है। किंतु अब तक कोई उचित कदम नहीं उठाए जाने की वजह से पूरा खामियाजा वार्ड के रहवासियों को उठाना पड़ रहा है। कुछ दिनों पहले ही एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने के कारण ही इसी मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसके बाद वार्डवासियों ने सड़क के जीर्णोद्धार की ओर ध्यान नहीं देने के कारण विरोध भी जाहिर किया था। वार्डवासियों ने बताया कि इस मार्ग पर 24 घंटे 50 से 60 टन वजन के साथ भारी वाहनों की रेलमपेल लगी रहती है, जिसकी वजह से काफी बड़े-बड़े गढ्डे हो चुके हैं। जो सड़क हादसों की मुख्य वजह हैं, हर दिन इस मार्ग पर सड़क हादसे हो रहे हैं।



**नो एंट्री की हो समय सीमा**

वार्डवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इस मार्ग पर नो एंट्री की भी समयावधि भी लागू की जाए। वहीं भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर समय का निर्धारण करना चाहिए।

**काफी समय से नहीं हुई मरम्मत**

वार्डवासियों ने बताया कि इस मार्ग की दशा करीब एक दशक से जर्जर है, किंतु इस मार्ग की अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। अहम बात यह है कि इस सड़क की मरम्मत को लेकर जनप्रतिनिधियों में भी कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई।

**7 कॉलोनी में सैकड़ों लोगों की परेशानी**

जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में करीब 7 कॉलोनियां हैं। जिनमें सैकड़ों लोग निवास करते हैं। इस मार्ग से हर रोज आना जाना पड़ता है। ऐसे में बारिश के दिनों कीचड़ व सामान्य मौसम में धुल के गुबार से जीना मुहाल हो चुका है।

# पिकनिक मना कर लौट रहे छात्रों को कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सपोस निवासी दो छात्र साराडीह बैराज से पिकनिक मनाकर वापस आ रहे थे, इसी बीच एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह हादसा पड़ोसी जिले सक्ती का है।

■ एक की मौत, एक घायल, कार चालक गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार डभरा थानांतर्गत ग्राम सपोस में रहने वाला 18 वर्षीय सुमित सारथी पिता प्रेम सारथी कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ता था। सुमित और उसके 3 दोस्तों ने बीते रविवार पिकनिक जाने का प्लान बनाया। दो अलग अलग मोटर सायकिल लेकर 4 दोस्त पिकनिक मनाने के लिए साराडीह बैराज गए। दिनभर बैराज किनारे खाने पीने के बाद शाम लगभग साढ़े 5 बजे वे घरवापसी के लिए रवाना हुए। सुमित कक्षा ग्यारहवीं के दोस्त चंद्रकांत सिदार के साथ एक बाईक में था और दूसरी मोटर सायकिल में उसके दो अन्य दोस्त थे। बैराज से निकले चारो छात्र साराडीह रोड पहुंचे थे कि अपेक्षाकृत तेज और लापरवाही पूर्वक रफ्तार से कार क्रमांक सीजी 13 बीजे 7246 के चालक ने उनको ठोकर मार दी। चार पहिया वाहन की चपेट में आने से सुमित और चंद्रकांत को घायल देख उसके दो अन्य दोस्तों ने कार चालक को भागने से पहले धरदबोचा और परिजनों को फोनकर घटना की सूचना दी। वहीं 112 नंबर डायल करने पर एम्बुलेंस आने से घायलों को नजदीकी डभरा अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार में सुमित की हालत को गंभीर देख उसे रायगढ़ रेफर कर दिया तो चंद्रकांत का वहीं इलाज चल रहा है। बुरी तरह जख्मी सुमित को डभरा से रात को ही एम्बुलेंस से जब रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया, तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद छात्र के शव को अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंपने के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। दूसरी तरफ डभरा पुलिस ने कार सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिले के दो हजार किसान धान के बोनस से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार ने वर्ष 14-15 और 15-16 का बकाया धान बोनस सोमवार को किसानों को वितरित कर दिया। डायरेक्ट एकाउंट में राशि भेजी गई। इसमें वे किसान रह गए हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जिनका खाता नंबर सही नहीं है। रायगढ़ जिले में करीब दो हजार ऐसे किसान हैं। करीब आठ साल पहले हुई धान खरीदी का बोनस अब किसानों को दिया गया है। भाजपा के घोषणा पत्र में वादा किया गया था। सोमवार को सभी किसानों के एकाउंट में राशि ट्रांसफर कर दी गई।

हालांकि अभी भी सारे किसानों को रकम नहीं मिल सकी है। इन आठ सालों में कई किसानों की मृत्यु हो चुकी है। अब उस भूमि के वारिस कोई और हैं। ऐसे किसानों का बैंक एकाउंट भी बंद हो चुका है। कई किसानों के एकाउंट नंबर गलत हैं। तब धान खरीदी के भुगतान के लिए खाता क्रमांक की पड़ताल ज्यादा नहीं की जाती थी। इसलिए कुछ किसानों के पंजीयन में किसी और बैंक एकाउंट डाला गया था।

**पुसौर क्षेत्र के 8482 किसानों को 17 करोड 82 लाख का बोनस**



पुसौर। प्रदेश के नई भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेई के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए प्रदेश के किसानों के बकाया रहे 2 साल के बोनस को एक साथ वितरीत किया है इसी कडी में ब्लाक स्तर पर क्षेत्र के 8482 किसानों के नाम पर उनका बकाया राशि उनके खाते में 17 करोड 82 लाख रुपए आनलाईन डाल दिया गया है। बीते दिनांक को इस तारतम्य में जनपद कार्यालय परिसर पुसौर में सीईओ अभिशेक बनर्जी एवं अपेक्स बैंक प्रबंधक एम के परेता के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा घनश्याम पटेल, जिलाध्यक्ष गौरांग साव, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, पार्षद समारी यादव, सरपंच अध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सीएम के स्वागत को लेकर जिला भाजपा की बैठक

रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी का आगमन 27 दिसंबर को हो रहा है। मुख्यमंत्री एवं ओपी चौधरी के स्वागत अभिनंदन को लेकर जिला भाजपा की बैठक आहूत की गई जिसमे शहर के जिन .जिन मार्गो से वे गुजरेंगे वहां प्रमुख स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन स्वागत करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आहूत हुई जिसमे जिले के चारों विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उमेश अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की पूरे प्रदेश में मिली भाजपा की अपार सफलता के पीछे आप जैसे लगनशील एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत है। मैं आप सभी को प्रदेश में भाजपा की सरकार आने की बधाई देता हूं। साथ ही यह हमारे लिए गौरव का विषय है।

# गांव-गांव पहुंच रही केन्द्र सरकार की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं से लाभांवित करने का सिलसिला जारी है। मंगवार को यात्रा जिले के कई ग्राम पंचायतों में पहुंची।

जिसमें जनपद पंचायत मनोरा के ग्राम चडिया, टेम्पु, जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम बेड़ेकोना, ईचोली, जनपद पंचायत कुनकुरी के बासुदेवपुर, पतराटोली सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायत शामिल हैं। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्थानों पर मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।

# कांग्रेस के मिशन 2024 का आगाज, हैं तैयार हम




रायगढ़। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर को नागपुर में दोपहर 2 बजे कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली मे जहां देश भर से हजारों कांग्रेसी जमा होंगे वहीं रायगढ से भी सैकडों की संख्या मे कांग्रेसियों की मौजूदगी दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध मे मंगलवार को कांग्रेस भवन मे आयोजित प्रेस वार्ता मे जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बताया कि यह रैली लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज है। राष्ट्रीय स्तर की इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से भी हजारों की संख्या में सभी जिलों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केंद्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायता पर हमला के विरोध में यह रैली आम आदमी की आवाज होगी। कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना के समय 1885 से ही जनता के लिये जनता की आवाज बन कर संघर्ष करती रही है।

### जैन ने संभाला सारंगढ़ एसडीएम का कार्यभार

सारंगढ़। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2021 बैच के आईएएस वासु जैन ने सामान्य प्रशासन विभाग नवा रायपुर द्वारा किए गए नवीन पदस्थापना पर मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ का पदभार ग्रहण किया है। उल्लेखनीय है कि श्री जैन का पिछला पदस्थापना सहायक कलेक्टर बिलासपुर के रूप था।



# गांधी गंज में कबूतर खाना की 78 वीं वर्षगांठ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सियासत कालीन मंगल बाजार के नाम से प्रसिद्ध स्थानीय गांधीगंज में सांवरिया बाबू परिवार ने 1946 मे कबूतर टावर बनवाया था, जिसका प्रति वर्ष आज ही के दिन गांधीगंज निवासी स्व. अमीचंद डालमिया द्वारा कबूतर जयंती के नाम से केक काटकर और मिठाई बांटकर मनाया जाता है।


इसी कड़ी मे विगत 28 वर्षों से नगर के वन्य प्राणी संरक्षक, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं विलक्षण समाजसेवी गोपाल अग्रवाल एवं गांधी गंज के सामाजिक सदस्यों ने यह वीड़ा उठाया और बड़े उत्साह के साथ कबूतरो के वर्षगांठ को मनाते आ रहे हैं। आज शाम 4.3 व बजे गांधी गंज मे उत्सव का माहौल निर्मित हो गया। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई व मारवाड़ी पंचायती धरमशाला के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने केक काटकर और मिठाइयां बांटकर कबूतर खाने की 78 वीं वर्षगांठ मनाई।

# स्वास्थ्य शिविर में 2 सौ से अधिक को मिला लाभ




रायगढ़। जिले के तमनार ब्लॉक में अदाणी फाउण्डेशन ने ग्राम कुंजेमुरा में बीते गुरुवार को स्वास्थ्य जाँच के लिए विशाल शिविर का आयोजन किया।

गारेपेल्मा 2 कॉलरी लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत एवं हेल्पेज इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसंबर 2023 को गांव के हॉस्टल ग्राउन्ड में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 207 मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया गया। शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ त्वचा रोग विशेषज्ञ, कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन तथा सामान्य रोगों के इलाज हेतु कोरबा के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान ग्राम कुंजेमुरा के सरपंच जयपाल भगत, मुरली सिदार बिहारी पटेल तथा महाजेन्कों के प्रमुख चंद्रकांत बाले, परमेश्वर सिदार, अदाणी इन्टरप्राइसेस से राघवेन्द्र शर्मा और अदाणी फाउंडेशन की टीम मौजूद रही। इस विशेष जांच शिविर में लाभार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत निःशुल्क दवाईयां भी दी गयी। अदाणी फाउंडेशन जिले के तमनार तथा पुसौर ब्लॉक में सामाजिक सहभागिता के तहत शिक्षाए स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास तथा आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है।



### क्रिसमस पर्व सरसीवा चर्च में धूमधाम से मनाया गया

सरसींवा। स्थानीय कैथोलिक चर्च में क्रिसमस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यहां रात्रि 12 बजे घंटानाद कर एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी गई जो कि देर शाम तक जारी था। क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरें ने कैथोलिक चर्च सरसींवा पहुंचकर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। स्थानीय चर्च के फादर फ्रांसिस ने बतलाया कि यहां पिछले 15 दिनों से क्रिस्मस पर्व मनाने की तैयारी चल रही थी जो कि अब पूरा हुआ। कुछ दिनों पूर्व से ही कैरोल संगीत का भी आयोजन होता रहा। उल्लेखनीय है कि यहां सन 1967 से चर्च का निर्माण हुआ है तब से किसमस पर्व के समय लोगों का आना जाना रहता है यहां इसाई धर्म मानने वाले ही नही सभी धर्म के लोग क्रिसमस के दिन चर्च में आकर प्रभु यीशु का दर्शन करते हैं और प्रभु यीशु के सामने मोमबत्ती जला कर प्राथना करते हैं। इस कार्यक्रम को लेकर विशेष प्रकार के साज सज्जा एवं लाइटिंग की गई थी जिन्हें देखने के लिये सैकड़ो की संख्या में लोग आते है।

# रायगढ़ की अग्रता को मिसेज इंडिया झारखंड का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की बिटिया अग्रता कश्यप ने दिल्ली में हुए मिसेज इंडिया वन इन अ मिलियन सीजन 4 में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरते हुए मिसेज इंडिया झारखण्ड का खिताब अपने नाम कर चमकीली कामयाबी हासिल की है।




अग्रता भविष्य में यूपीएससी क्रैक कर जनसेवा की ख्वाहिश रखती हैं। शहर के चक्रधर नगर स्थित टीवी टॉवर रोड निवासी रियल इस्टेट कारोबारी राजेश कश्यप और महिला एवं बाल विकास विभाग के सखी वन स्टॉप सेंटर की जिला परामर्शदाता श्रीमती किरण कश्यप की सुपुत्री अग्रता ने ब्यूटी कॉन्टेस्ट में कीर्तिमान रचते हुए रायगढ़ की माटी का मान बढ़ाया है। जिंदल स्कूल में पढ़ाई पूरी करने वाली अग्रता अपने ननिहाल झारखंड के रांची स्थित संत जेवियर कॉलेज में फर्स्ट क्लास में बीकॉम और मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर से एमए इंग्लिश में भी प्रथम श्रेणी पहुंच चुकी हैं। एमफिल में हाई स्कोर करने पर राज्यपाल द्वारा अग्रता गोल्ड मेडल से सम्मानित ही चुकी हैं। वर्तमान में कलिगा यूनिवर्सिटी रायपुर में पीएचडी करने वाली अग्रता बीते 5 फरवरी 2022 को रांची के दवा कारोबारी मयंक ढढानिया के संग सात फेरे लेते हुए गृहस्थ जीवन सम्हाल रही हैं। राजधानी दिल्ली के होटल लीला पैलेस में विगत 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित मिसेज इंडिया वन इन अ मिलियन सीजन.4 में झारखंड के प्रतिनिधितित्व करते हुए बतौर कंटेस्टेंट्स के तौर पर भाग्य आजमाया। इसमें अनेक प्रतियोगियों का चयन कई चक्रों से हुई। अंतिम चरण यानी मिसेज टैलेंटेड में अग्रता फस्ट और बेस्ट नेशनल कॉस्ट्यूम टाइटल के पुरस्कार से सम्मानित हुईं। 24 दिसंबर को संपन्न हुए ग्रैंड फिनाले में भारत भर से चुनिंदा 30 प्रतियोगियों का ही सलेक्शन हुआ था।

EXCITING OPPORTUNITY AT SHYAM METALICS!
SHYAM METALICS ORE TO METAL
WALK IN INTERVIEW

| Department | Position | Vacancies |
|---|---|---|
| Coal Washery | Belt Press Operator | 5 |
| | Belt Operator/Asst Belt Operator | 5 |
| | Shift Engineer - Electrical/Mechanical/Operation | 5 |
| CPP | 2nd Class Boiler Attendant -WHRB (Operation) | 5 |
| | Asst Fitter/Fitter (TG Mechanical) | 5 |
| | Asst.Engg./Engg/Sr. Engineer (Electrical) | 5 |
| | Asst Electrician/Electrician/Sr. Electrician (Electrical) | 5 |
| | Sr. Foreman/Sr. Technician (Instrument) | 5 |
| | Asst Engineer/ Engineer/Sr. Engineer (Instrument) | 5 |
| DRI | Welder (RMPP) | 3 |
| | Operator (Workshop) | 3 |
| | Field/PSB Operator (Process) | 5 |
| | Fitter (RMP) | 5 |
| | RMP,PSB & bagging Engineer (Electrical) | 3 |
| | Rigger | 5 |
| | RMP,PSB & bagging Electrician (Electrical) | 3 |
| | Shift In Charge (Process/Mechanical) | 5 |
| | Shift Engineer (E&I) | 5 |
| | Fitter/Asst. Fitter (Mechanical) | 5 |
| CMD | Motor Winder | 2 |
| Pellet | Turner (Mechanical) | 5 |
| | Electrician | 5 |
| | Outotec Lorex Operator, All type Operator (Process) | 8 |
| | Belt Jointer (Mechanical) | 5 |
| | Sr. Chemist/Chemist (QC) | 5 |
| SMS | Electrician | 5 |
| | Mould Operator | 5 |
| | Melter | 5 |
| | Fitter | 5 |
| WRM | Sr.Fitter/fitter (Mill Operation) | 4 |
| | Engineer (Mechanical) | 3 |
| | Fitter Utility (Mechanical) | 3 |
| | CNC Operator (Workshop) | 3 |
| | Electrician | 5 |
| | Fitter/Asst Fitter (ROLL Shop & Stand Assembely) | 3 |
| TMT | Fitter (Opeartion) | 4 |
| | Mill Shift Incharge (Opeartion) | 4 |
| | Engineer (Opeartion) | 4 |
| | Sr.Fitter/Fitter (Mechanical) | 4 |
| | CNC Lathe Operator (Workshop) | 3 |
| | Fitter/Asst Fitter (Rollshop) | 3 |
| | Sr.Fitter/Fitter/As. Fitter (Block Mill) | 3 |
| | Mech Fitter (Block Mill) | 4 |
| UTILITY | Jr. Technician / Optr (Process) | 4 |
| | Sr Fitter/Fitter (Mechanical) | 4 |
| | Welder (Mechanical) | 4 |
| | Electrician | 5 |

Submit your resume:
recruitment.sbp@shyamgroup.com / WhatsApp - 7326011789
OR
Date: 29th December 2023
Venue: Hotel Jindal Regency, Jagatpur, Dhimrapur Road Raigarh, Chhattisgarh - 496001

# अघोरेश्वर भक्त बाबा भिक्षुक राम की समाधि पर पहुंचे बाबा प्रियदर्शी



रायगढ़। अघोर गुरु ट्रस्ट बनोरा के पीठाधीश्वर बाबा प्रियदर्शी राम ने बाबा भिक्षुक राम के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने बाबा जी से आर्शीवाद लिया।

बाबा भिक्षुक राम को परम पूज्य अघोरेश्वर का सानिध्य हासिल रहा। उन्हें अघोरेश्वर के सानिध्य में आत्मसाक्षात्कार हासिल हुआ उन्होंने अपनी साधना पूर्ण की इसके बाद वे यत्र तत्र भ्रमण रत रहे। इस बीच पूज्य बाबा का भ्रमण के दौरान रायगढ़ आगमन हुआ। उनके आग्रह पर गौशाला पारा पुलिस लाइन में छोटी कुटिया का निर्माण किया गया। यही पर पूज्यश्री ने साधना करते हुए सिद्धियों को हासिल किया जब परम पूज्य भिक्षुक बाबा के गुरुदेव परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का महानिर्वाण हुआ उस समय भिक्षुक राम बनारस में थे। अघोरेश्वर के महा निर्माण के पश्चात 25 दिसंबर 1992 को उन्होंने समाधि ग्रहण कर ली पूज्य बाबा का निर्देशानुसार पार्थिव शरीर को गंगा में प्रवाहित कर दिया गया।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### अटल चौक में दी गई पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि

**पुसौर।** 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती पर पुसौर के कांदागढ में स्थित अटल चौक स्मारक पर कांदागढ सरपंच सुलोचना गुप्ता एवं फकीर गुप्ता ने पंचगणों व ग्रामीणों के साथ पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के तैलीय प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। वर्तमान स्थिति में खेतों का काम चलने से आम आदमी शामिल नहीं हो पाए फिर भी गणमान्य नागरिकों में रविशंकर साव, विराट सरल, हरिश्चंद राय, महादेव सरल आदि लोग उपस्थित रहे जिन्होंने अटल को याद किया और उनके आदर्शो में चलने की शपथ ली।

### खनिज विभाग की कार्रवाई, 5 वाहन जब्त

**सारंगढ़।** सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार और कलेक्टर डॉ फ़रीहा आलम सिदीक़ी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा कोसीर, सरसीवा, भटगांव एवं बिलाईगढ़ क्षेत्र का जांच किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कोसीर क्षेत्र में 02 ट्रैक्टर रेत एवं सरसींवा क्षेत्र में 02 ट्रैक्टर रेत व भटगांव क्षेत्र में 01 हाइवा बंजरी गिट्टी अवैध खनिज परिवहन करते पाए जाने पर स्थल पर ही 05 वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई तक थाना प्रभारी कोसीर, सरसींवा एवं भटगांव के सुपुर्दगी में दिया गया। जांच टीम में खनि अधिकरी एच डी भारद्वाज, दीपक पटेल, लक्ष्मीनारायण घृतलहरे शामिल थे।

### नगरीय निकायों में सफाई अभियान

**सारंगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिले के सभी नगरीय निकायों में सफाई अभियान किया गया। नगर पालिका सारंगढ़ में सीएमओ राजेश पांडेय के नेतृत्व में साप्ताहिक बाजार स्थित शमशान घाट का सफाई किया गया। नगर पंचायत सरिया में सीएमओ माजिद खान, बरमकेला में सीएमओ अनिल सोनवानी, भटगांव में सीएमओ मधुलिका और बिलाईगढ़ में सीएमओ मनीष गायकवाड़ के नेतृत्व में नगर पंचायत के मुख्य सड़कों, अटल चौक सहित अन्य चौक चौराहों का सफाई किया गया। सफाई अभियान में नगरीय निकाय के सफाईकर्मियों समेत आम जन ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

## निधन

### श्रीमती कांता देवी अग्रवाल



**रायगढ।** शहर के बीरपारा लालटंकी निवासी श्रीमती कांतादेवी अग्रवाल पति स्व पन्नालाल अग्रवाल का मंगलवार सुबह निधन हो गया। 73 वर्षीय श्रीमती कांता देवी अपने पीछे दो पुत्र सतीश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल सीए और दो पुत्रिया सहित नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई। वे नगर के वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी प्रमोद अग्रवाल चरक की बड़ी भाभी थी। उनकी अंतिम यात्रा 26 दिसंबर को शाम 4 बजे उनके बीड़पारा निवास से कयाघाट मुक्तिधाम के लिए पहुंची जहां दिवंगत का अंतिम संस्कार किया गया।




## अवैध खनन व परिवहन रोकने लगे बेरियर

# रेत घाट से खनन की अवधि समाप्त, निर्माण कार्य प्रभावित

*पिछली सरकार ने प्रदेश में रेत खनन के बदल दिए थे नियम*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 15 रेत घाट संचालित होते थे, लेकिन अब एक भी वैध रेत खदान नहीं है। इसका नतीजा यह हो रहा है कि निर्माण कार्यों में ब्रेक लगने लगा है। जिले में अचानक से रेत के लिए मारामारी मच रही है। वैध तरीके से खनन बंद हो चुका है क्योंकि एक भी रेत घाट चालू नहीं है। पर्यावरणीय स्वीकृति अवधि समाप्त हो जाने के कारण सभी रेत घाट बंद पड़े हैं। संभव है कि अगले सप्ताह तक दो-तीन रेत खदानों को अनुमति मिल जाएगी। पूर्व सरकार ने प्रदेश में रेत खनन के नियम बदल दिए थे। सभी रेत घाटों का आवंटन नीलामी के जरिए किया गया।

इस प्रक्रिया में ही दो साल लग गए। इसके बाद पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने में भी लंबा समय गुजर गया। परेशानी तब आई जब आदिवासी ब्लॉक के रेत घाटों का संचालन ग्राम पंचायत के अधीन कर दिया गया। जो रेत खदानें आवंटित की जा चुकी थी उनको भी नए सिरे से स्वीकृति लेनी पड़ रही है। अब जानकारी मिली है कि रेत घाटों का संचालन पूरी तरह बंद हो चुका है। रायगढ़ जिले में वर्तमान में एक भी जीवित रेत घाट नहीं है।



नदी घाटो पर धड़ल्ले से जारी अवैध रेत उत्खनन।

### रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने घाटों पर लगेंगे बेरियर



रेत और खनिज के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नदी घाटों के करीब की सड़कों में कम ऊंचाई के बेरियर लगाए जा रहे हैं। इसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रियान्वयन ईकाई.1 रायगढ़ द्वारा रायगढ नंदेली रोड से साल्हेपाली, बड़े भण्डार रोड से चंघोरी, तारापुर पचेड़ा से नावापारा एवं नंदेली से बायंग में कम ऊंचाई का बैरिकेटिंग लगाया गया है। जिससे भारी वाहनों की आवाजाही पर रोकथाम लगे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने खनिज और पीएमजीएसवाय विभाग को रेत और खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के रोकथाम के लिए नदी घाटों के करीब की सड़कों में कम ऊंचाई के बेरियर लगाने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों परिपालन के तहत खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्र, तहसील रायगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत औराभांठा, तारापुर, बोकरामुडा, लेबड़ा, रामपुर तथा तहसील पुसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत पडिगांव का चिन्हांकन किया गया है एवं उक्त ग्राम पंचायतों के अवैध उत्खनन क्षेत्रों में युक्तियुक्त स्थानों पर अवैध उत्खनन के दंडात्मक प्रावधानों का नोटिस बोर्ड में उल्लेख करने के साथ ही ऐसे क्षेत्रों में अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों हेतु समस्त संभाव्य पहुँच मार्गो को बाधित करने हेतु बैरिकेटिंग एंगल रॉड, ट्रेंचिंग अथवा अन्य समस्त आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

# पीएम विश्वकर्मा से 18 क्षेत्रों के कारीगरों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र कारीगर को सरकार की तरफ से 3 लाख रुपये का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का लोन लिया जा सकता है। हितग्राहियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15 हजार रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 रूपए के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है। सहायक संचालक कौशल विकास पुरुषोत्तम स्वर्णकार से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वालेए मोची जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, मछली जाल निर्माता इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर सीएससी के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। इसके लिए आवेदक को आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार, व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत हितग्राही ने पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत ऋण न लिया हो।

■ च्वाइस सेंटर में आनलाइन आवेदन की व्यवस्था

# सारंगढ़ के 79 हजार 780 किसानों को 134 करोड़ के बोनस का भुगतान

**सारंगढ़।** जिले में सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किसानों के खाते में दो वित्तीय वर्ष का धान बोनस राशि ऑनलाइन अंतरित किया। वित्तीय वर्ष 2014-15 में जिले के 38 हजार 609 किसानों को 65 करोड़ 24 लाख 89 हजार 200 रूपए और वित्तीय वर्ष 2015-16 में जिले के 41 हजार 171 किसानों को 69 करोड़ 47 लाख 27 हजार 400 रूपए प्रदान किया गया। इस प्रकार दोनो वित्तीय वर्ष को मिलाकर कुल 79 हजार 780 किसानों को कुल 134 करोड़ 72 लाख 16 हजार छह सौ रूपए प्रदान किए गए।

बरमकेला के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की पूजा अर्चना किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधियों ने किसानों के साथ सामूहिक रूप से धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक भेंट किए। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी अतिथियों और किसानों का आभार व्यक्त की। इस अवसर पर बीईओ नरेश चौहान, सीईओ जनपद प्रज्ञा यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। सारंगढ़ के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी की पूजा की और किसानों के साथ सामूहिक रूप से धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक भेंट किए। अतिथियों में विधायक उत्तरी जांगड़े, पूर्व विधायक शमसेर सिंह, केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, अन्य अतिथियों में मंजू मालाकार, सोनी बंजारे, अरविंद हरिप्रिया, श्यामसुंदर रात्रे, शिवकुमारी चौहान, अजय गोपाल, ज्योति पटेल, मयूरेश केशरवानी, जीवन रात्रे, परिमल चन्द्रा, रामअवतार यादव, अरूण मालाकार, गनपत जांगड़े, सूरज तिवारी, गोल्डी नायक, अजय बंजारे, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदारगण नेत्रप्रभा सिदार, रूपाली मेश्राम, उप पंजीयक सहकारिता व्यासनारायण साहू, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, ईडीएम रोहित सिंह ठाकुर सहित हजारों की संख्या में किसान उपस्थित थे।

मंच संचालन सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार ने किया। बिलाईगढ़ में जनप्रतिनिधियों ने वाजपेयी की पूजा की और किसानों के साथ सामूहिक रूप से धान बोनस वितरण का प्रतीकात्मक भेंट किए। अतिथियों में सरिता भारती, सुभाष जालान, डॉ. दिनेश जांगड़े, सतीश रात्रे, सीईओ बिलाईगढ़ योगेश्वरी बर्मन सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



बोनस प्रमाण पत्र के साथ हर्षित मुद्रा में क्षेत्र के किसान

### साप्ताहिक शैक्षणिक भ्रमण में इसरो पहुंचे सर्वोदय के विद्यार्थी

**चंद्रपुर।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर के साप्ताहिक शैक्षणिक भ्रमण में छात्र छात्राओं को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो बेंगलुरु ले जाया गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण हेतु 61 विद्यार्थी व विद्यालय के प्राचार्य सहित 10 शिक्षक गण कुल 71 व्यक्ति पहुंचे हुए हैं। विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष ली जाने वाली इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों की ज्ञान एवं कौशल को विकसित करना होता है। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थी गण वहां पहुंच कर स्वत अवलोकन करते हैं जिससे उनके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि होती है व भविष्य में उसका उपयोग शिक्षा स्तर को उन्नत करने में करते हैं। इस सत्र भी विद्यार्थियों के इच्छानुसार व पालकों की सहमति पर विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को लिए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र इसरो का चयन किया गया साथ ही मैसूर एवं हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड कंपनी का भी अवलोकन विद्यार्थियों को करवाया गया। इसरो पहुंचकर विधार्थीयों ने अवलोकन किया व यह जानकारी प्राप्ति के की किस तरह हमारे वैज्ञानिक दिन प्रतिदिन अनुसंधान कर भारत देश का नाम पूरे विश्व में ऊँचा कर रहे हैं।

# ओपी जिंदल विद्यालय कुंजेमुरा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**रायगढ़।** ओपी जिंदल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंजेमुरा में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोलन 19 से 23 दिसंबर के मध्य किया गया। कार्यक्रम तीन दिनों तक चला जो कि खेल भावना और सौहार्द का एक जीवंत उदाहरण था। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सांगवान रहे और तीसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीके भार्गव कार्यपालन उपाध्यक्ष लायजन व सीएसआर जेपीएल तमनार द्वारा की गई। विद्याकी अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती और बाबूजी श्रीयुत ओपी जिंदल के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की अधिकारिक शुरुआत हुई।

प्रथम दिन खेलों के महत्व और इतिहास पर जोर देते हुए खेल के दिग्गजों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री संदीप सांगवान ने अपने ऊर्जावान और उत्साहवर्धक भाषण में चरित्र निर्माण और व्यक्तिगत विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। साथ ही विद्यालय काझंडा फहराए जाने से खेल प्रतियोगिता की आधिकारिक शुरुआत हुई। शक्ति और आशा के प्रतीक मशाल प्रज्वलन समारोह ने उत्साह का माहौल बना दिया। श्री सांगवान ने शपथ ग्रहण समारोह का संचालन किया और वार्षिक खेल प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए छात्रों को समर्पण के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

वार्षिक खेल समारोह 2023 का समापन समारोह भव्यता और उत्साह के साथ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीके भार्गव कार्यपालन उपाध्यक्ष लायजन व सीएसआर जेपीएल तमनार रहे। खेल समारोह के दौरान कुछ ऊर्जावान और मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश की गई जिसमें श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा परिकल्पित छत्तीसगढ़ी नृत्य और स्वागत नृत्य भी शामिल था। विद्यार्थियों ने सभी खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लिया और समारोह को सफल बनाने में अपना हरसंभव सहयोग किया। समापन समारोह कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा जहां विभिन्न श्रेणियों, जैसे कि कबड्डी, वॉलीबॉल, डॉज बॉल और शतरंज में विजेताओं को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में डीके भार्गव ने अपने प्रेरक वक्तव्य में खेलों के महत्व और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्राचार्य कृष्णावतार शर्मा ने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की जेटी राम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों व विद्यालय के सभी सदस्यों के प्रति उनके प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

**सारंगढ़।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एसटी, एससी और ओबीसी विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकलए नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि में अध्यनरत हो वे 30 दिसंबर तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इनद्ध में ऑनलाइन आवेदन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ-साथ ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 20 जनवरी 2024 तक और सैंक्शन ऑर्डर लॉक 24 जनवरी 2024 तक करना निर्धारित है।

## तमनार में अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप शुरू

**तमनार।** सर्वोदय नवयुवक मण्डल पटनायक मोहल्ला तमनार द्वारा आयोजित 15 वां वर्ष अंतर्राज्यीय क्रिकेट स्पर्धा करण कप 2023-24 स्व विजय बोबा एवं सुमित पटनायक को विनम्र श्रद्धाजंलि का आयोजन 25 दिसम्बर अटल सुशासन दिवस के अवसर पर हाई स्कूल मैदान तमनार में भव्य शुभारम्भ किया गया। फायनल मैच समापन 1 जनवरी नव वर्ष के शुभ अवसर पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में स्थानीय तमनार, रायगढ़, बिलासपुर के साथ ओडिसा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र की 40 टीम शामिल होंगे। हाई स्कूल मैदान के चारो ओर रंग रोगन व झंडा से सुसज्जित कर मंच व दर्शक दीर्घा विजय गैलरी को राज टेंट हाउस द्वारा भव्य सजाया संवारा गया है। सर्वप्रथम चित्रगुप्त महाराज की पूजा अर्चना कर गेंद बल्ला स्टम्प का पूजा अर्चना किया गया। खिलाड़ियों से परिचय के बाद टॉस किया गया। शुभारंभ मैच तमनार विरुद्ध रुमकेरा खेला गया तमनार ने निर्धारित 10 ओवर में 120 रन बनाए रुमकेरा की टीम ने 105 रन ही बना पाया तमनार की टीम 15 रन से मैच जीत लिया।

